1

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1052 /बी0एड0/प्रवेश/MSU/2022–23 दिनांक : 29.07.2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध बी.एड. महाविद्यालय,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
सहारनपुर।

**विषयः बी0एड0 पाठ्यक्रम सत्र 2022–24 हेतु सूचना उपलब्ध कराया जाना।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–316/बी0एड0/प्रवेश/ MSU/2022–23, दिनांक : 21.04.2022 एवं पत्र संख्या–338–39/बी0एड0/प्रवेश/ MSU/2022–23, दिनांक : 17.05.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा बी0एड0 पाठ्यक्रम सत्र 2022–24 के सम्बन्ध में दिनांक : 05.05.2022 तक सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु अभी तक अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा बी0एड0 पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सही सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

अतः उपरोक्त पत्र में उल्लिखित विवरण के अनुसार वांछित समस्त सूचनाऐं पूरित करते हुये करते हुये दिनांकः 03.08.2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही महाविद्यालय द्वारा प्रोफाइल में उल्लिखित खाते का क्रास चैक, एन0सी0टी0ई0 पोर्टल पर उपलब्ध पत्र की प्रमाणित छायाप्रति एवं वर्तमान में कार्यरत अनुमोदित शिक्षकों को सम्पूर्ण विवरण अनुमोदन–पत्र, बैक से वेतन भुगतान का प्रमाण–पत्र भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त के साथ ही विज्ञान, कला वर्ग में आवंटित की जाने वाली सीटों के सम्बन्ध में भी स्पष्ट आख्या साक्ष्य सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त सूचना प्राप्त न होने की स्थिति में सत्र 2022–24 हेतु छात्रों का आवंटन किये जाने हेतु आयोजक विश्वविद्यालय को सम्बन्धित महाविद्यालय का नाम काउंसलिंग हेतु प्रेषित नहीं किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. सहायक कुलसचिव।
02. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव